भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2363

(दिनांक 12.03.2026 को उत्तर के लिए)

समूह "क" सेवाओं में रिक्तियां

2363 श्री प्रकाश चिक बाराईक :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 18 फरवरी, 2026 की तिथि के अनुसार केन्द्र सरकार के अधीन समूह ''क'' सेवाओं में संस्वीकृत और वर्तमान में पदस्थ पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान समूह ''क'' सेवाओं में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कार्मिकों का (कुल संस्वीकृत संख्या के प्रतिशत में) वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): विभिन्न समूह "क" सेवाओं के संबंध में संस्वीकृत पदों की संख्या, पदस्थ व्यक्तियों, सीधी भर्ती के माध्यम से की गई नियुक्तियों (और तत्संबंधी श्रेणी-वार विवरण) का ब्यौरा, संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों/मंत्रालयों/विभागों द्वारा रखा जाता है।

केंद्र सरकार में संस्वीकृत पदों की संख्या और पदस्थ व्यक्तियों (समूह "क" पदों सहित) की संकलित सूचना, व्यय विभाग के 'वेतन अनुसंधान एकक' की वार्षिक रिपोर्टों में उपलब्ध है, जो सार्वजनिक रूप से https://doe.gov.in/annual-report-pay-and-allowances पर उपलब्ध है।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के श्रेणीवार विवरण के साथ-साथ केंद्र सरकार में विभिन्न समूह "क'' पदों पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएसी) द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूचना, यूपीएससी की वार्षिक रिपोर्टों में उपलब्ध है, जो सार्वजनिक रूप से https://upsc.gov.in/annual-reports पर देखी जा सकती है।

*****